# कार्यालय प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद
# जिला– सक्ती (छ.ग.)

हसौद, दिनांक –12.09.2024

## आवश्यक सूचना

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्नातक स्तर के विद्यार्थियो के लिये राष्ट्रव्यापी Quiz प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत राज्य स्तर एवं राष्ट्र स्तर पर पुरस्कार की राशि का प्रावधान है। समस्त स्नातक स्तर के छात्र/छात्राओ की सूचित किया जाता है कि दिनांक–16.09.2024 रात्रि 09.00 बजे तक अपना पंजीकरण RBI90QUIZ.IN के माध्यम से अपने संपूर्ण विवरण के साथ पूर्ण करे।

नोट :–

1. पंजीकरण दो विद्यार्थियो के टीम का होगा। विद्यार्थी अपने 01 साथी के साथ पंजीकरण करें।
2. पंजीकरण के समय महाविद्यालय का नाम GNCH000 से सर्च करें।
3. कार्यक्रम के रूपरेखा हेतु महाविद्यालय के Website एवं सूचना पटल का अवलोकन करें।

प्रभारी प्राचार्य<br>
शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद<br>
जिला – सक्ती (छ.ग)

## (ब) विद्यार्थियों के नामांकन हेतु दिशा–निर्देश एवं प्रतियोगिता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी

1. पात्रता :– :–स्नातक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थी जिनकी आयु 1 सितंबर 2024 की स्थिति मे 25 वर्ष से कम है, इस राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता हेतु पात्र है।
2. **पंजीयन शुल्क** :– प्रतियोगिता निःशुल्क है।
3. **पंजीयन की अंतिम तिथि** :–16 सितंबर 2024 रात्रि 9 बजे तक,
4. **पंजीयन हेतु लिंक** :– **rbi90quiz.in ( इस लिंक के माध्यम से वेब पेज / ऐप की सहायता के पंजीयन करें)**
5. **पंजीयन हेतु अनिवार्यता :–**

    1. एक ही संस्था के दो विद्यार्थियों की टीम का पंजीयन करना अनिवार्य है ।एक संस्था से पंजीकृत टीम की संख्या की न्यूनतम सीमा निर्धारित नही है।
    2. पंजीयन के समय नाम, लिंग, जन्मतिथि, ईमेल आईडी मोबाइल नम्बर एवं विद्यार्थी की आई.डी. क्रमांक की आवश्यकता होगी।
    3. जिन संस्था के विद्यार्थियों के ID क्रमांक नहीं है वे अपने किसी प्रमाणपत्र (वि. वि. का नामांकन अंकसूची क्रमांक इत्यादि) का क्रमांक अंकित करें ।
    4. आनलाइन क्विज में भाग लेने की पात्रता तभी प्राप्त होगी जब टीम के दोनों सदस्य अपने डिटेल्स प्रस्तुत करने के बाद अपने ईमेल पर प्राप्त वेरिफिकेशन लिंक पर क्लिक करके अपने ईमेल आईडी का वेरिफिकेशन पूर्ण कर लेंगे।
    5. दृष्टिबाधित उम्मीदवार दिये गये बॉक्स में अपनी श्रेणी दर्शा सकते है 1

6. **पंजीयन को बदलना अथवा रद्द करना** – यदि आप अपने संपर्क विवरण अथवा टीम मेंबर के नाम को बदलना चाहते है तो आपको वर्तमान पंजीकरण रद्द कर नया पंजीयन करना होगा। उसकी अंतिम तिथि 16 सितंबर, 2024 (रात्रि 9 बजे तक) ही रहेगी।

7. **आपका महाविधालय ड्राफ्डाउन सूची में नहीं है तो कैसे शामिल करें** –यदि आपका महाविद्यालय का नाम ड्रॉपडाउन सूची में नहीं है तब आपके महाविद्यालय का विवरण वेब लिंक / ऐप के college tab/contact us form/ Livechat/helpline के माध्यम से उपलब्ध करा सकते है। सत्यापन के उपरांत आपको सूचना प्राप्त होगी। सत्यापन न होने की स्थिति/अपूर्ण जानकारी की स्थिति में महाविद्यालय का नामांकन अस्वीकृत करने का अधिकार भारतीय रिजर्व बैक को प्राप्त है।

8. **राज्य स्तरीय क्विज की तिथि –**
**19/09/2024 से 21/9/2024 ( सुबह 9.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक)**

9. **राज्य स्तरीय क्विज में शामिल कैसे होना है –**

    1. क्विज तिथि पर लिंक के माध्यम से User id एवं passwond की सहायता लॉगइन करें।
    2. ऑनलाईन क्विज में सामान्य ज्ञान (करंट अफेयर, इतिहास, साहित्य, खेल, फाइनेंस, अर्थशास्त्र इत्यादि) एवं भारतीय रिज़र्व बैंक से संबंधित 36 MCQ (बहु–वैकल्पिक प्रश्न) पूछे जायेंगे।
    3. प्रतिभागियों को 15 मिनट में प्रतियोगिता पूर्ण करनी होगी। प्रत्येक प्रश्न 25 सेकंड में पूर्ण करने होंगे।
    4. दृष्टिबाधित प्रतिभागियों के लिये 25 सेकन्ड अतिरिक्त दिये जायेंगें। उन्हें 30 मिनट में प्रतियोगिता पूर्ण करनी होगी।
    5. प्रतियोगिता हेतु स्मार्टफोन/टैबलेट/लैपटॉप/डेस्कटॉप कम्प्यूटर इत्यादि किसी भी इलेक्ट्रिानिक्स उपकरण उपयोग किया जा सकता हैं।

**10. तकनीकी सहायता –**

1. किसी प्रकार की तकनीकी सहायता हेतु भारतीय रिजर्व बैंक की सहायता टीम से मो. नं. 9769764157. के माध्यम के संपर्क करें।
2. सभी टीम powerful/stable internet connection एवं proper network area में क्विज में शामिल हो।
3. अपरिहार्य स्थिति में प्रश्नोत्तरी प्रयास के समय व्यवधान होने पर बैंक क सहायक टीम से मो. नं. 9764764157 से संपर्क कर समाधान प्राप्त करें।

**11. क्वीज हेतु अभ्यास–**

क्वीज की तैयारी हेतु प्रश्न–पत्र (Practice Paper) वेबसाइट / ऐप में उपलब्ध है।

**12. चयन प्रक्रिया –(प्रथम चरण)**

1. प्रथम चरण में हिन्दी / अंग्रेजी में ऑनलाईन क्विज का आयोजन(एलीमिनेशन राउण्ड)
2. राज्य स्तर पर उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाली 90 टीम को द्वितीय चरण हेतु चुना जायेगा ।
3. क्विज पूर्ण होने के उपरांत कुल 90 टीम का चयन आगामी चरण हेतु किया जायेगा। इन 90 टीम की प्रत्यक्ष प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित करने प्रथम, द्वितीय , तृतीय स्थान प्राप्त टीम को क्रमशः रू 2 लाख, 1.5 लाख एवं 1.00 लाख की राशि से पुरुस्कृत किया जायेगा।

**13.चयन प्रक्रिया द्वितीय चरण जोन स्तरीय) –**

1. जोन स्तरीय प्रतियोगिता के तृतीय चरण मुंबई में प्रत्यक्ष प्रतियोगिता के माध्यम से आयोजित होगा जिसकी सूचलर राज्य की प्रथम पुरस्कार प्राप्त टीम को पृथक से दी जायेगी। इसमें विभिन्न राज्यों की प्रथम स्थान प्राप्त कुल 6 टीम शामिल होगी ।
2. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आय प्राप्त जोन स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम को क्रमशः 5 लाख, 4 लाख 3 लाख की राशि से पुरस्कृत किया जायेगा ।

**14.चयन प्रक्रिया (चतुर्थ चरण) –**

1. राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता के चतुर्थ चरण का आयोजन नई दिल्ली में प्रत्यक्ष प्रतियोगिता के माध्यम से किया जायेगा जिसकी सूचना प्रत्येक जोन की प्रथम पुरस्कार प्राप्त टीम को दी जायेगी । इसमें विभिन्न जोन के प्रथम स्थान प्राप्त कुल 6 टीम शामिल होगी ।
2. राष्ट्र स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीम को क्रमशः 10 लाख 8 लाख 6 लाख की राशि से पुरष्कृत किया जायेगा ।

**15.प्रमाण पत्र –** (भारतीय रिजर्व बैंक के प्राप्त पत्रों के आधार पर) सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र जारी किये जायेंगे।